दैनिक भास्कर
बांका 30-12-2024

# पूर्व पीएम मनमोहन को किया याद

अमरपुर| क्षेत्र के ओडय गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जीवन कुमार घोष ने कहा कि मनमोहन सिंह का पूरा जीवन हम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनका भारत के लिए किया गया काम कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके शासन में खाद्य सुरक्षा सूचना का अधिकार सहित कई आम आदमी के लिए लाभदायक योजनाएं लाई गई।